बड़ा प्यारा है तेरा श्रृंगार सांवरे

बड़ा प्यारा है तेरा श्रृंगार सांवरे,
ओ सांवरे,
बड़ा प्यारा है तेरा श्रृंगार सांवरे,
दिल में तुम्हारी तस्वीर बन गई,
देखते ही तुमको हुई बावरी,
हाय तुमसे हमारी तक़दीर बन गई,
मेरे हारे के सहारे लगा नैया को किनारे,
तेरे प्रेमी हैं बाबा आज हम तुम्हे पुकारे।

हो रही हैं बेचैनियां कैसे हम और तुम में,
छ गई हैं खामोशियाँ, है अजब से सिलसिले,
मेरी नैया की थामो पतवार सांवरे,
हाथों में है नाम की लकीर बन गई
देखते ही तुमको हुई बावरी,
हाय तुमसे हमारी तक़दीर बन गई,
मेरे हारे के सहारे लगा. नैया को किनारे,
तेरे प्रेमी हैं बाबा आज हम तुम्हे पुकारे।

नज़रें मिली तो चढ़ गया तेरी नज़रों का नशा,
हार गई तन मन वहीँ कोई भी ना तेरे नाम सा,
तूने कैसा दिया है उपहार सांवरे,
तेरे ही लिए मैं फ़कीर बन गई,
देखते ही तुमको हुई बावरी,
हाय तुमसे हमारी तक़दीर बन गई,
मेरे हारे के सहारे लगा. नैया को किनारे,
तेरे प्रेमी हैं बाबा आज हम तुम्हे पुकारे।

साथी बांके जबसे मुझे हो तुम मिल गए
बगिया में जैसे गुल खिल गए
तू ही माहि तू ही तो दिलदार सांवरे,
तेरा वैभव मेरी जागीर बन गई
देखते ही तुमको हुई बावरी हाय,
तुमसे हमारी तक़दीर बन गई
मेरे हारे के सहारे लगा. नैया को किनारे,
तेरे प्रेमी हैं बाबा आज हम तुम्हे पुकारे।

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/25702/title/bada-pyara-hai-tera-shingaar-sanwre

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |